## Khandwa News: खंडवा में मिली रेत-कंकड़-कैमिकल मिली नकली खाद, भड़के किसान, कहा- करेंगे उग्र आंदोलन

**अमित जायसवाल, खंडवा.** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले से बड़ी खबर है. यहां किसानों ने नकली खाद पकड़ी है. यह खाद खालवा क्षेत्र में पकड़ी गई. इसके बाद डीएपी के नाम पर नकली खाद खपाने पर हंगामा खड़ा हो गया. किसानों ने इस खाद को रेत, कंकड़ और केमिकल से तैयार बताया है. किसान लोडिंग वाहन में भरी इस खाद को खालवा थाने ले गए. इस दौरान भारतीय किसान संघ पदाधिकारी ने कहा कि हम नकली खाद को लेकर उग्र आंदोलन करेंगे. हम कृषि विभाग का घेराव भी करेंगे. उन्होंने कहा कि भारतीय किसान संघ इस खाद के सैंपल की जांच प्राइवेट लैब से कराएगा.

भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान ने कहा कि हम लोग नकली डीएपी को पकड़ने की तीन दिन से कोशिश कर रहे थे. हम जानना चाह रहे थे कि हमारे क्षेत्र में कहां से नकली डीएपी आ रही है. हमने अपने कार्यकर्ताओं को इसके लिए जगह-जगह लगाया. उनसे कहा कि तुम्हारे इलाके में अगर दुकानदार और सोसायटी के अलावा डीएपी आ रही है तो उसकी तलाश करो और पकड़ो. हमने कार्यकर्ताओं से कहा कि जहां भी नकली डीएपी दिखाई दे उसकी सूचना हमें दो हम उसे पकड़वाएंगे. तीन दिन की सर्च के बाद हमें एक जगह नकली डीएपी मिल गई. हमें उसकी पूरी जानकारी मिली कि वह कहां से चढ़ाई जा रही है, कहां जा रही है, कहां उसे उतारा जा रहा है, कौन किसान लेकर जा रहा है.